इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1832

8 दिसम्बर, 2011 को उत्तर के लिए

उत्तर प्रदेश में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड का योगदान

1832. श्री तपन कुमार सेन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड ने अप्रैल-अगस्त, 2011 के दौरान कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 3.79 करोड़ रूपये का योगदान दिया है;

(ख) क्या नागपुर में अवस्थित सरकारी क्षेत्र के उपक्रम मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (एम.ओ.आई.एल) ने उत्तर प्रदेश के एक गांव में कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के अंतर्गत 50 लाख रूपये का योगदान दिया है;

(ग) क्या सी.एस.आर. के दिशा निर्देश के अनुसार जहाँ सेल ओर एम.ओ.आई.एल. के संयंत्र अवस्थित हैं, वहां की आसपास की आबादी हेतु सी.एस.आर. का कार्यान्वयन संभव नहीं था; और

(घ) यदि हां, तो निकटवर्ती पिछड़े क्षेत्रों को नज़रअंदाज़ करने के क्या कारण हैं ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क): वर्ष 2011-12 में देश भर में सीएसआर परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए आबंटित किए गए 64.00 करोड़ रूपये में से अप्रैल-अगस्त, 2011 के दौरान निगमित सामाजिक दायित्वों के तहत उत्तर प्रदेश के विभिन्न भागों में विभिन्न परियोजनाओं पर 2.97 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं।

(ख): जी, हां।

(ग) और (घ): सेल/मॉयल के संयंत्रों/खानों/इकाईयों के भीतर और आस-पास के परिसरीय क्षेत्रों के विकासात्मक कार्यों पर सीएसआर बजट का एक बड़ा भाग आबंटित करके खर्च किया जाता है। सेल एक ऐसा पीएसयू है जिसके अनेक जगहों पर संयंत्र हैं। सेल ने देश भर में 10 से अधिक राज्यों में स्थापित अपने संयंत्रों/इकाईयों के आस-पास बसी जनता के कल्याण और विकास के लिए सीएसआर परियोजनाएं शुरू की हैं। सेल की जगदीशपुर में एक इस्पात प्रक्रमण इकाई है और उत्तर प्रदेश में वेयरहाउस, स्टॉकयार्ड, डीलर नेटवर्क आदि जैसे अनेक विपणन स्थापनाएं भी हैं।

मॉयल लि0 अपने कार्य प्रचालन के आस-पास के क्षेत्रों में सीएसआर परियोजनाएं कार्यान्वित कर रहा है और सीएसआर बजट का एक बड़ा भाग इसके कार्यप्रचालनों/खानों के परिसरीय क्षेत्रों में खर्च होता है।

****